**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 14 अगस्त 2024, समय 1810 (10 मिनट))**

- **केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने 234 नए शहरों में 730 निजी एफ.एम. चैनलों की ई-नीलामी का प्रस्ताव स्वीकार किया।**
- **प्रधानमंत्री जन धन योजना ने आज 10 साल पूरे हुए।**
  **योजना के तहत अब तक 53 करोड़ से अधिक लाभार्थियों को बैंकिंग सुविधा प्रदान की गई ।**
- **हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने  गरीब छात्रों के स्कूल छोड़ने की दर को कम करने और मातृभाषा में शिक्षा प्रदान करने पर बल दिया।**
- **मुख्यमंत्री नायब सिंह ने जींद जिले में शहीद कुलदीप सिंह के गांव निडानी जाकर शहीद को श्रदांजलि अर्पित की।**
- **हरियाणा में मलेरिया व डेंगू के मामले बढ़े।**
  **स्वास्थ्य विभाग ने जागरूकता अभियान शुरू किया।**

................................................................................................

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने 234 नए शहरों में 730 निजी एफ.एम. चैनलों की ई-नीलामी कराने का प्रस्ताव स्वीकार कर लिया है। इस फैसले से मातृभाषा में स्थानीय सामग्री के प्रसारण को बढ़ावा मिलेगा और रोज़गार के नए अवसर पैदा होंगे। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि मंत्रिमंडल के निर्णय से दूसरी और तीसरी श्रेणी के शहरों में एफ.एम रेडियो की पहुंच बनेगी। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं में स्थानीय प्रतिभाओं पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। मंत्रिमंडल ने केन्द्रीय क्षेत्र की योजना कृषि अवसंरचना कोष के क्रमोत्तर विस्तार को भी मंजूरी दे दी है। इससे देश में कृषि क्षेत्र से जुड़ी बुनियादी सुविधाएं मजबूत होगी और किसानों को मदद मिलेगी। कृषि अवसंरचना कोष किसानों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए एक लाख करोड़ रुपए की राशि के साथ वर्ष 2020 में स्थापित किया गया था।

................................................................................................

प्रधानमंत्री जन धन योजना के आज 10 साल पूरे हो गए  हैं। योजना के तहत अब तक 53 करोड़ से अधिक लाभार्थियों को बैंकिंग सुविधा प्रदान की गई है।इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी लाभार्थियों को बधाई दी है और इस योजना को सफल बनाने वालों को धन्यवाद दिया है। प्रधानमंत्री ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि जन धन योजना ने वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने और करोड़ों लोगों, विशेषकर महिलाओं, युवाओं और हाशिए पर रहने वाले समुदायों को सम्मान देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि इस योजना के अन्तर्गत 67 प्रतिशत खाते ग्रामीण या अर्ध-शहरी क्षेत्रों में खोले गए हैं। योजना के तहत खोले गये कुल खातों में से 55 प्रतिशत खाते महिलाओं द्वारा खोले गए हैं।

................................................................................................

हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने स्कूलों में नामांकित गरीब छात्रों में स्कूल छोड़ने की दर को रोकने की आवश्यकता पर बल दिया है । राज्यपाल ने कहा कि अनुसूचित जाति जनजाति और अल्पसंख्यक समुदायों के गरीब बच्चों में स्कूल छोड़ने की उच्च दर चिंता का विषय है। इस संबंध में बहुत गंभीरता से काम करने की जरूरत है।राज्यपाल आज चंडीगढ़ में भारतीय विद्यालय शिक्षा बोर्ड परिषद के तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करने के बाद

संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सम्मेलन में आए देश के और कुछ विदेशी बोर्डों के प्रतिनिधियों से इसके लिए रणनीति तैयार करने को कहा ।राज्यपाल ने मातृभाषा में शिक्षा प्रदान करने, छात्रों को कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने और उन्हें भारत की जीवंत प्राचीन परंपराओं और संस्कृति से अवगत कराने की वकालत भी की। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा आयोजित वार्षिक सम्मेलन - 'योग्यता आधारित शिक्षण और मूल्यांकन' की थीम का जिक्र करते हुए श्री दत्तात्रेय ने कहा कि स्कूली शिक्षा को और अधिक मजबूत बनाया जाना चाहिए । कौशल विकास और मातृभाषा में शिक्षा प्रदान करने के महत्व के बारे में बात करते हुए श्री दत्तात्रेय ने कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति स्कूली बच्चों को कौशल युक्त करने के लिए बहुत खास है, जो उन्हें लाभकारी रोजगार पाने में मदद करेगी। राज्यपाल ने देश में विभिन्न बोर्डों के माध्यम से स्कूली शिक्षा में सर्वोत्तम प्रथाओं को बढ़ावा देने के उनके प्रयासों के लिए स्कूल शिक्षा बोर्ड परिषद की भी सराहना की।

---

मुख्यमंत्री नायब सिंह ने आज मातृभूमि की रक्षा करते हुए जींद जिले में आंतवादियों से मुठभेड़ में शहीद हुए जवान कुलदीप सिंह के गांव निडानी में जा कर उनके परिजनों का साहस बढ़ाया । मुख्यमंत्री ने शहीद कुलदीप सिंह की प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित कर उन्हे भावभिनी श्रदांजलि अर्पित की एंव परिजनों का साहस बढ़ाया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने मिडिया से बातचीत में कहा कि मुख्यमंत्री ने कहा कि शहीद कुलदीप सिंह की कुर्बानी व्यर्थ नही जाएगी उन्होने भगवान से शहीद कुलदीप सिंह को अपने चरणों में स्थान देने की प्रार्थना की । हरियाणा में मलेरिया व डेंगू के मामलों में वृद्धि हुई है जिसको देखते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोगों को इनसे बचने के लिए जागरूक किया जा रहा है। आकाशवाणी समाचार से बातचीत में स्वास्थ्य विभाग के निदेशक डॉ कृष्ण कुमार ने बताया कि बारिश के दिनों में डेंगू , चिकनगुनिया, मलेरिया, जापानी बुखार जैसी बीमारियों से पीड़ित मरीजों की संख्या बढ़ जाती है । पिछले वर्षों के मुकाबले इस वर्ष मलेरिया के मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है--

उन्होंने कहा कि लोग को स्वास्थ्य संबंधी ली जाने वाली सावधानियों के बारे में भी बताया जा रहा है। इन बीमारियों की रोकथाम के लिए विशेष टीमें गठित की जा रही है। अधिक प्रभावित जिलों में दूसरे राज्यों से आने वाले मजदूरों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है । साथ ही इन क्षेत्रों में अधिक से अधिक फागिंग करने के भी निर्देश दिए गए हैं। डॉ कृष्ण कुमार ने लोगों से सावधानी रखने की अपील भी की।

---

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायाब सिंह ने आज नारायणगढ़ , पुण्डरी और समालखा में रोड़ शो किया । नारायणगढ़ में लोग ने फूल बरसा कर, पगड़ी व मालाएं पहन कर मुख्यमंत्री का स्वागत किया।रोड शो नारायणगढ़ के बाजारों से होता हुआ निकला। रोड शो को भारी जनसमर्थन मिला

---

जननायक जनता पार्टी और आज़ाद समाज पार्टी में समझौते के बाद गठबंधन का आज पहला कार्यकर्ता सम्मेलन चरखी दादरी में आयोजित किया गया।जननायक जनता पार्टी इस बार 70 सीटों पर और आज़ाद समाज पार्टी 20 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। आज सम्मेलन के दौरान मीडिया से बातचीत में जननायक जनता पार्टी के प्रमुख अजय चौटाला ने कहा कि पार्टी 2 सितंबर को उम्मीदवारों की घोषणा करेगी और टिकट देने में महिलाओं और युवाओं को प्राथमिकता दी जाएगी।नैना चौटाला द्वारा बाढ़डा से चुनाव लड़ने बारे पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि यह निर्णय

भी 2 सितंबर को लिया जाएगा। श्री चौटाला ने कहा कि 2 सितंबर को ही पार्टी की केंद्रीय समिति की बैठक के बाद उम्मीदवारों की मौजूदगी में घोषणा पत्र जारी किया जाएगा।

आज कुरुक्षेत्र में उपायुक्त सुशील सारवान की अध्यक्षता में हरियाणा गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के हुए चुनाव में जत्थेदार भूपिंदर सिंह असंध को लगातार दूसरी बार सर्वसम्मति से समिति का प्रधान चुना गया ।हमारी संवाददाता ने बताया है कि आज प्रधान एवं कार्यकारिणी समिति का चुनाव हुआ। इसके साथ ही अंबाला से सुदर्शन सिंह सहगल को वरिष्ठ उपप्रधान, कुरुक्षेत्र से बीबी रविंदर कौर अजराना को कनिष्ठ उपप्रधान, सुखविंदर सिंह मंडेबर को महासचिव, गुलाब सिंह मुनक को संयुकत सचिव चुना गया। इसके अतिरिकत कार्यकारिणी सदस्य के रूप में जत्थेदार बलजीत सिंह दादूवाल, परमजीत सिंह मक्कड़ कुरुक्षेत्र, जगसीर सिंह मांगेआना, तरविंदरपाल सिंह अंबाला, बीबी परमिंदर कौर जींद, गुरप्रसाद सिंह फरीदाबाद चुने गए ।

पैरालंपिक खेलों का औपचारिक उद्घाटन आज फ्रांस की राजधानी पेरिस में हो रहा है। ये खेल 8 सितंबर तक चलेंगे। इन खेलों का उद्घाटन समारोह आज रात साढे ग्यारह बजे शुरू होगा। गोला फेंक खिलाड़ी और 2022 में हुई एशियाई पैरा गेम्स के रजत पदक विजेता भाग्यश्री जाधव, जेवलिन स्टार और मौजूदा विश्व-रिकॉर्ड धारक सुमित अंतिल को पैरालिंपिक के लिए भारत का ध्वजवाहक नामित किया गया है।इस बार पेरिस पैरालंपिक में कुल 84 भारतीय पैरा एथलीट का दल प्रतिस्पर्धा करेगा जिनमें से 22 एथलीट हरियाणा से हैं। यह पैरालंपिक के इतिहास में भारत का सबसे बड़ा दल है। भारतीय खिलाड़ी इस बार 22 खेलों में से 12 में प्रतिस्पर्धा करेंगे। पैरा साइक्लिंग, पैरा जूडो और पैरा रोइंग में भारतीय एथलीट पहली बार हिस्सा ले रहे हैं।भारत का अभियान कल पैरा बैडमिंटन से शुरू होगा, जहां कृष्ण नागर पुरुषों के एकल मुकाबले में अपना खिताब बचाने के लिए मैदान में उतरेंगे।